अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ के प्रथम संभाग के सभाागार में दिनांक 05–02–2015 को कॉमर्स फोरम के तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका विषय था "बैंकिग क्षेत्र में कैरियर". महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता के दिशा निर्देशन में यह कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में श्री दिनेश गुप्ता (सिनियर मैनेजर, पंजाब नेशनल बैक, एन.आई.टी, फरीदाबाद) उपस्थित हुए. मुख्य वक्ता का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया. मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों को बैक में भर्ती होने की प्रकिया और विभिन्न पदों की जानकारी दी तथा उन्होंने ज्यादा से ज्यादा छात्र–छात्राओं को बैकों में जॉब करने के लिए प्रोत्साहित किया. मुख्य वक्ता ने अपने वक्तव्य में यह भी बताया की विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने के लिए पंजाब नेशनल बैक द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण की सुविधा दी जाती हे जिसके बारे में विस्तार से विद्यार्थियों को जानकारी दी. प्राचार्य महोदय ने बताया कि वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों के लिए बैकिंग एक उभरता हुआ आयाम है और भविष्य में अनेकों निजी बैकों के आने की संभावना को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को इसके लिए तैयार होने की भी सलाह दी. और वाणिज्य विभाग के समस्त प्रवक्ताओं को इस आयोजन के लिए बधाई दी तथा भविष्य में ऐसे कार्यक्रम करने की प्रेरणा दी. कैरियर पंडित एकेडमी की टीम ने भी बैंकिग परीक्षा के बारे में पी.पी,.टी. के माध्यम से विद्यार्थियों को जानकारी दी और एक एप्टीत्यूड टैस्ट के माध्यम से छात्र–छात्रों का परीक्षण भी किया. तपोपरांत टेस्त के विजेता विद्यार्थियों प्रीति, रचना, नीलम तथा सारिका को मेडल प्रदान किए गए. अंत में श्रीमती शोभना गोयल (विभागाध्यक्ष वाणिज्य) ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया. इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के तीनों संभागों के प्रवक्तागण उपस्थित थे.